Chapter- 3

काम सब अच्छे हैं

STUDY NOTES

विषय सारांश एक नजर में:

- आचार्य विनोबा भावे हमारे देश के एक महापुरूष तथा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के प्रमुख शिष्य थे।
- वे गांधी जी के सत्य अहिंसा और समय पालन के विचारों से बहुत प्रभावित थे।
- वे ज़मीदारों से भूमि दान लेकर भूमिहीन किसानों को देते थे।
- इसे भूदान-यज्ञ नाम से जाना जाता है।
- इसी काम के लिए वे एक गाँव गए थे, जहाँ एक पाठशाला में ठहरे।
- पाठशाला के छात्र स्वयं पाठशाला की सफ़ाई नहीं करते थे, जिससे पाठशाला के आस-पास गंदगी भरी थी।
- विनोबा जी ने छात्रों को समझाया कि जब हम गंदगी करते हैं तो सफ़ाई भी हमी को करनी चाहिए।
- जो सफ़ाई करता है वह माँ समान महान है।
- संसार में सभी काम अच्छे हैं।

सीखने के प्रतिफ़ल

- दुनिया में कोई भी काम छोटा नहीं होता, सभी कामों का अपना महत्व होता है।

अभ्यास के लिए

मौखिक

१. श्रुतलेख (उच्चारण अभ्यास - महापुरूष, अनुयायी, भूदान यज्ञ, प्रसिद्ध्, ज़मिदार)

२. कम से कम शब्दों में उत्तर दीजिए।

क) विनोबा जी किसके अनुयायी थे ?

उ - विनोबा जी राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के अनुयायी थे।

ख) विनोबा जी का कौन-सा यज्ञ प्रसिद्ध् है ?

उ - विनोबा जी का भूदान यज्ञ प्रसिद्ध है।

ग) विनोबा जी यात्रा में कहाँ ठहरे थे ?

उ - विनोबा जी यात्रा में गाँव के एक पाठशाला में ठहरे थे।

ODM EDUCATIONAL GROUP Changing your Tomorrow

लिखित -

१. रिक्त स्थान भरिए

क) विनोबा जी हमारे देश के एक महापुरुष थे।

ख) विनोबा जी राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के अनुयायी थे।

ग) एक आदमी सवेरे आता है।

घ) काम सब अच्छे हैं।

२. निम्नलिखित वाक्यों को पाठ के क्रमानुसार लगाइए -

क) 'जी नहीं माँ तो माँ है।'

ख) उस पाठशाला में शैचालय नहीं था।

ग) 'तुम्हारी पाठशाला की सफ़ाई कौन करता है?'

घ) वे गरीबों के सहायक थे।

उत्तर-

क) वे गरीबों के सहायक थे।

ख) उस पाठशाला में शैचालय नहीं था।

ग) "तुम्हारी पाठशाला की सफ़ाई कौन करता है?"

घ) "जी नहीं माँ तो माँ है।"

३. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए।

क) भूदान का अर्थ बताइए। विनोबा जी का भूदान यज्ञ क्यों प्रसिद्ध है?

उ - भूदान का अर्थ है भू (जमीन) का दान करना। विनोबा जी ज़मीदारों से भूमि दान में लेकर गरीब, भूमिहीन किसानों को देते थे।

ख) विनोबा जी को दुख क्यों हुआ?

उ - विद्यालय के आस-पास गंदगी देखकर विनोबा जी को दुख हुआ।

ग) विद्यालय की सफाई कौन करता था?

उ - विद्यालय की सफाई एक आदमी आकर सुबह कर जाता था।

ODM EDUCATIONAL GROUP Changing your Tomorrow

४. निम्न लिखित प्रश्नों के उत्तर विस्तारपूर्वक लिखिए -

क) पाठ का शीर्षक 'काम सब अच्छे हैं' क्यों रखा गया है? (मूल्यपरक प्रश्न)

उ - इस पाठ में काम के महत्व के बारे में बताया गया है। संसार में सभी कार्यों का अपना महत्व होता है। कोई भी कार्य करने से हम छोटे नहीं हो जाते। हमारे जीवन में किसान हो या शिक्षक, सैनिक हो अथवा सफ़ाई कर्मचारी सभी का महत्त्व है। इसी भावना को दर्शाते हुए पाठ का नाम काम सब अच्छे हैं। रखा गया है।

ख) विनोबा भावे जी ने छात्रों को स्वच्छता का पाठ कैसे सिखाया?

उ - विनोबा भावे जी ने समझाया कि जब हम गंदगी करते हैं तो सफाई भी हमें करनी चाहिए। कोई भी कार्य करने से हम छोटे नहीं हो जाते हैं। बचपन में जब हम अपना काम स्वयं नहीं कर पाते थे तब माँ हमारी गंदगी साफ़ करती थी। हमें भी माँ के समान गंदगी को बिना घृणभाव के साफ करनी चाहिए। स्वच्छता हमारे लिए परम आवश्यक है।

ODM EDUCATIONAL GROUP
Changing your Tomorrow

भाषा ज्ञान

१. दिये गये शब्दों की सहायता से रिक्त स्थान भरिए।

(ने, को, का, पर, की, में, के)

क) विनोबा जी गरीबों <u>के</u> सहायक थे।

ख) विनोबा जी भूदान यज्ञ के सिलसिले में यात्रा <u>पर</u> थे।

ग) विनोबा जी पाठशाला <u>में</u> ठहरे।

घ) विनोबा जी <u>ने</u> छात्रों से पूछा।

ङ) विनोबा जी ने लड़के को अपने पास बुलाया।

च) हमें पाठशाला की सफ़ाई करनी चाहिए।

छ) विनोबा जी का भूदान-यज्ञ प्रसिद्ध है।

२. नीचे दिये गए विराम - चिहनों के सामने उनके नाम विकल्पों में से चुनकर लिखिए।

क) ! विस्मयादिबोधक

ख) , अल्पविराम

ग) । पूर्णविराम

घ) ? प्रश्नवाचक

◆◆◆

ODM EDUCATIONAL GROUP Changing your Tomorrow